## जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 26.05.2025 को आयोजित जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त ग्रामीण घरों को वर्ष 2028 तक पाइप पेयजल योजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत मुरादाबाद मण्डल में जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को जनपद मुरादाबाद हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।
3. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. क्षेत्रीय वनाधिकारी, मुरादाबाद।
5. श्री राजेश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
6. श्री अरविन्द कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस प्रा0लि0।
7. श्री अतुल गोयल, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0।
8. श्री विकास शर्मा, डी0पी0एम0यू0।

**बैठक की कार्यवाही निम्न प्रकार है :–**

बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद, जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्र के प्रोजेक्ट मेनेजर एवं फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस के प्रोजेक्ट मेनेजर को बताया गया कि जल जीवन मिशन फेस 2 एवं 3 के अन्तर्गत मुरादाबाद के कार्यो की प्रगति एवं Functionality के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया है, जनपद मुरादाबाद में वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य जेजेएम पोर्टल पर 88 प्रतिशत पूर्ण तथा नलकूप बोरिंग का कार्य 90–95 प्रतिशत पूर्ण दर्शाया गया है, जबकि पेयजल आपूर्ति मात्र 52 पेयजल योजनाओ में हो रही है, शेष पेयजल योजनायें जिनमें पाइप लाइन बिछाने एवं नलकूप बोरिंग के कार्य पूर्ण हो गये है, उन पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति क्यों नहीं हो रही है, क्या कारण है। यदि किसी योजना में मेन पाइप लाइन कनेक्ट नहीं हो रही है तो मेन पाइप लाइन को कनेक्ट कराये तथा जिन पेयजल योजनाओं में उच्च जलाशय के निर्माण कार्य धीमी प्रगति से चल रहे है उनमें श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुये प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें एवं वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को को पूर्व की भांति पुनर्स्थापित कराते हुये, पेयजल योजनाओं में 02–02 घण्टे सुबह–शाम पेयजल आपूर्ति सुचारू करना सुनिश्चित करें।

1. जल जीवन मिशन फेस–2

i- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि फेस–2 के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनायें है कितनी पूर्ण हो गयी है तथा कितनी योजनाओं में नियिमत पेयजल आपूर्ति हो रही है। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फेस–2 के अन्तर्गत कुल 210 नग पेयजल योजनाए है, जिनमें से 153 नग पेयजल योजनाओं के नियमित पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्ण हो चुके है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी है कि जिन पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति हो रही है, क्या वें योजनायें भी 153 नग पेयजल योजनाओं में सम्मिलित है, तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 93 नग पेयजल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, वें योजनाऐं भी 153 नग पेयजल योजनाओं में सम्मिलित है।

ii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा जानकारी चाही गयी कि आपके 210 पेयजल योजनाओं कब तक पूर्ण हो जायेगी। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 153 नग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति हेतु समस्त कार्य पूर्ण कर लिये गये है। 10 नग पेयजल योजनायें 15 जून

2025 तक पूर्ण हो जायेगी तथा 47 नग पेयजल योजनाए को 15 जुलाई 2025 तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

iii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि वर्तमान में कितनी पेयजल योजनाओं में कार्य प्रगति पर है (कितनी पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है। ततक्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 50 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है) समस्त पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

iv- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो पर कितने श्रमिक कार्यरत है। ततक्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं के कार्य हेतु 146 गैग है जिसमें 965 श्रमिक कार्यरत है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 93 पेयजल योजनाओं से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति करना जारी रखे तथा 60 (कुल 60+93=153) पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कर अग्रिम 1 सप्ताह में पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें एवं उक्त समस्त योजनाओं के सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

2. **<u>जल जीवन मिशन फेस–3</u>**

i- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री अरविन्द कुमार से जानकारी चाही गयी कि आप द्वारा कितनी परियोजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, लगभग 15 दिवस व्यतीत हो गये है, भारत सरकार द्वारा विडिया कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कुछ जनपद के जिलाधिकारियों की बैठक ली गयी थी, जिसमें भारत सरकार द्वारा निर्देशित किया गया था कि जिन परियोजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने तथा नलकूप बोरिंग के कार्य पूर्ण हो चुके है, उनमें पानी की सप्लाई चालू कराये, 15 दिन का समय व्यतीत हो चुका है आपके द्वारा कितनी परियोजनाओं पर पेयजल आपूर्ति चालू करा दी गयी है। ततक्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि मै0 एन0के0जी0 प्राइमस की 393 नग परियोजनायें है, जिनमें से 250 नग परियोजनाओं के पाइप लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 387 नग परियोजनाओं में नलकूप बोरिग का कार्य पूर्ण हो चुका है। ततक्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि 250 नग परियोजनाओं में क्या–क्या कार्य शेष रह गये है जिसके कारण पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही हैं। ततक्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओं में लीकेज की समस्या आ रही है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फटकार लगाते हुये कहा गया कि यदि लीकेज आदि की कही कोई समस्या है तो उसको ठीक कराने का उत्तरदायित्व आपका स्वय का है, उसको तत्काल ठीक कराते हुये पाइप लाइन ज्वाइंटिग कराकर 1 सप्ताह के अन्दर पेयजल आपूर्ति चालू कराना सुनिश्चित करें।

ii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपकी कितनी परियोजनाऐं सोलर आधारित है तथा कितनी विद्युत आधारित है। कितनी परियोजनाओं पर सोलर अधिष्ठापित हो गये तथा कितनी योजनाओं पर विद्युत संयोजन प्राप्त हो गये है। ततक्रम में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया है कि मै0 एन0के0जी0 प्राइमस की 62 पेयजल योजनायें विद्युत आधारित है जिनमें से मात्र 2 पेयजल योजनाओं पर विद्युत संयोजन प्राप्त हो गया है। हमारे द्वारा अनेक बार निर्देशित करने के उपरान्त फर्म द्वारा शेष पेयजल योजनाओं पर विद्युत संयोजन कराने हेतु विद्युत विभाग में धनराशि जमा नहीं की गयी है। शेष 331 नग पेयजल योजनाऐं सोलर आधारित है, जिनमें 97 नग योजनाओं पर सोलर अधिष्ठापित हो गये है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि जिन 97 नग पेयजल योजनाओं पर सोलर अधिष्ठापित हो गये है, उनमें अग्रिम 1 सप्ताह के अन्दर पेयजल आपूर्ति चालू कराकर, फोटोग्राफ अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

iii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि वैण्डरों द्वारा आपकी पेयजल योजनाओं पर कराये गये कार्यो का आपके द्वारा पूर्ण भुगतान करा दिया गया है अथवा नहीं। ततक्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं में वैण्डरों द्वारा कराये गये कार्यो का लगभग 70–80 प्रतिशत भुगतान करा दिया गया है, फर्म के प्रबन्ध निदेशक द्वारा वैण्डरों का शेष भुगतान शीघ्र करने हेतु आश्वासन दिया गया है

iv- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर जानकारी चाही गयी कि आपके द्वारा उक्त योजनाओ पर वर्तमान में कितने गैंग लगाये गये है तथा प्रत्येक गैंग में कितनी श्रमिक कार्यरत् है तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया है उक्त पेयजल योजनाओं पर वर्तमान में 32 गैग लगाये गये है, जिसमें 237 श्रमिक कार्यरत है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को कहा गया कि एच0डी0पी0ई0 पाइप लाइन पर आपके द्वारा 99 श्रमिक लगाये गये है, जिन परियोजनाओं में केवल पाइप लाइन ज्याइटिंग के कार्य शेष है, इन श्रमिको को उन योजनाओं में पाइप लाइन ज्याइंटिंग के कार्य पर लगाकर योजनाओं को पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कराना सुनिश्चित करें।

v- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण से विगत 15 दिन में आपके द्वारा कितनी योजनाऐं ग्राम पंचायत को हैण्डओवर की गयी है के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि विगत 15 दिवस में एन0के0जी0 की कोई भी परियोजना हैण्डओवर नहीं की गयी है। मै0 एल0सी0 इन्फ्रा की 3 नग परियोजनाऐं हैण्डओवर की प्रक्रिया में है, जिस जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण हो गये है उनको तत्काल ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कराना सुनिश्चित करें।

vi- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मे0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा 15 जून 2025 तक यदि 250 नग परियोजनायें पूर्ण कर चालू नहीं करायी गयी, तो इनके अनुबन्ध निरस्त कराकर फर्म को ब्लैक लिस्ट कराने हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को पत्र प्रेषित कराये एवं इस बैठक का कार्यवृत्त तथा अन्य पूर्व में आयोजित बैठकों के कार्यवृत्त भी ई–मेल के माध्यम से प्रेषित कराये एवं प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराये।

vii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि अग्रिम 1 सप्ताह में 95 नग पेयजल योजनायें के 166 राजस्व ग्रामो में पेयजल आपूर्ति, करना सुनिश्चित करें तथा 250 नग परियोजनाओं में अग्रिम 15 दिवस में समस्त कार्य पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति चालू करना सुनिश्चित करें तथा हैण्डओवर की प्रक्रिया चालू करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 56 पेयजल योजनाओं से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति करना जारी रखे तथा 39 (कुल 56+39=95) पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कर अग्रिम 1 सप्ताह में पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें एवं उक्त समस्त योजनाओं के सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि दोनो फर्मो को साप्ताहित लक्ष्य निर्धारित करें कि कितनी पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति चालू की जायेगी तथा कितनी पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन ज्याइंटिंग का कार्य पूर्ण करेंगे तथा कितनी पेयजल योजनाओं में हाईड्रोटैस्टिंग का कार्य पूर्ण करेंगे।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थिति समस्त जूनियर इंजीनियर/फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर से जानकारी चाही गयी कि पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित यदि कोई समस्या है तो अवगत करायें है। तत्क्रम में जेजेएम फेस–2 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री राजेश पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि जिन योजनाओं पर पेयजल आपूति सुचारू रूप से हो रही थी, कुछ ग्राम प्रधानों द्वारा पानी नहीं चलाने दिया जा रहा है तथा किसी अन्य को पम्प ऑपरेटर भी नहीं रखने दिया जा रहा है। जिस कारण लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है।

जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि यदि किसी पेयजल योजना पर उक्त प्रकार की कोई समस्या है तो सम्बन्धित के विरूद्ध प्रशासनिक कार्य करने हेतु संस्तुति करें एवं यह भी निर्देश दिये गये जो पेयजल योजनाए हर घर जल हो गयी है तथा जिन पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। उनकी लिस्ट सम्मिलित करते हुये सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करायें तथा बैठक में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विकास खण्ड से सम्बन्धित योजनाओं का भ्रमण कर वर्तमान स्थिति से अवगत कराये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण से जानकारी चाही गयी कि वर्तमान में

जल निगम ग्रामीण में कितने जूनियर इंजीनियर कार्यरत हैं एवं कितने जूनियर इंजीनियर आपके द्वारा विकास खण्ड स्तर पर नामित किये गये है। तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में खण्ड कार्यालय में 5 जूनियर इंजीनियर कार्यरत है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि खण्ड में कार्यरत समस्त जूनियर इंजीनियर प्रतिदिन सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर योजनाओं से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत करायें तथा सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से वार्ता कर योजनाओं में पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। समस्त जूनियर इंजीनियर अपने सम्बन्धित पेयजल योजना पर भ्रमण कर अग्रिम 1 सप्ताह में सम्बन्धित फर्मो से योजनाओं के अधूरे कार्यो को पूर्ण कराये यदि फर्म कार्य नहीं करती है तो उसकी रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें। जिससे फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि अग्रिम 1 सप्ताह तथा 15 दिवस में पूर्ण होने वाले पेयजल योजनाओं की सूची तत्काल सम्बनिधत जूनियर इंजीनियर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चालू की जा सके।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।

पृ०सं० 1111 / JJM / 53 दिनांक :– 04/06/25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :–**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा०क्षे०), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
5. समस्त उपजिलाधिकारी महोदय, जनपद मुरादाबाद अन्तर्गत।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मुरादाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
9. प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद।
10. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
11. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद।
12. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिसोंसेस/सिंचाई, मुरादाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
14. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद।
16. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
17. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
18. अधिशासी अभियन्ता, सी0एल0डी0एफ0, मुरादाबाद।
19. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63, बुद्धि विहार फेस–2 सेट मैरी स्कूल के पास, मुरादाबाद।
20. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर–10 फेस–2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी बिहार, मुरादाबाद–244001।
21. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
22. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।

Ioffice 2022

जल निगम ग्रामीण मे कितने जूनेयर इजीनेयर कार्यरत है एव कितने जूनेयर इजीनेयर आपके द्वारा विकास खण्ड स्तर पर नामित किये गये है। तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में खण्ड कार्यालय में 5 जूनियर इंजीनियर कार्यरत है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि खण्ड में कार्यरत समस्त जूनियर इंजीनियर प्रतिदिन सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर योजनाओं से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत करायें तथा सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से वार्ता कर योजनाओं में पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। समस्त जूनियर इंजीनियर अपने सम्बन्धित पेयजल योजना पर भ्रमण कर अग्रिम 1 सप्ताह में सम्बन्धित फर्मो से योजनाओं के अधूरे कार्यो को पूर्ण कराये यदि फर्म कार्य नहीं करती है तो उसकी रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें। जिससे फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि अग्रिम 1 सप्ताह तथा 15 दिवस में पूर्ण होने वाले पेयजल योजनाओं की सूची तत्काल सम्बनिधत जूनियर इंजीनियर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चालू की जा सके।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।

पृ0सं0।।।/ JJM /53 दिनांक :– 04/06/25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :–**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
5. समस्त उपजिलाधिकारी महोदय, जनपद मुरादाबाद अन्तर्गत।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मुरादाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
9. प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद।
10. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
11. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद।
12. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई, मुरादाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
14. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद।
16. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
17. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
18. अधिशासी अभियन्ता, सी0एल0डी0एफ0, मुरादाबाद।
19. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63, बुद्धि विहार फेस–2 सेट मैरी स्कूल के पास, मुरादाबाद।
20. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर–10 फेस–2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी बिहार, मुरादाबाद–244001।
21. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटवट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
22. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।